प्रेस विज्ञप्ति

विदित हो कि बिहार के विश्वविद्यालयों के माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय कामेश्वर नगर, दरभंगा को 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बी०एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया के लिए नोडल विश्वविद्यालय नामित किया गया। तदनुसार, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर अशोक कुमार मेहता को राज्य नोडल पदाधिकारी एवं डॉ० अरविंद कुमार मिलन को समन्वयक नियुक्त किया गया।

4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बी०एड० पाठ्यक्रम +2/इंटर पास अभ्यर्थियों के लिए है जिसके अंतर्गत छात्रों को बी0ए0 अथवा बी0एससी0 की डिग्री के साथ ही बी०एड० की भी डिग्री मिलती है। इंटेग्रेटेड बी०एड० पाठ्यक्रम करने से 1 वर्ष का बहुमूल्य समय भी बचता है।

प्रशासनिक अनुमति के उपरांत निम्नांकित समय सारणी के अनुसार 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बी०एड० पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है :-

ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ की तिथि	- 21/08/2020,
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	- 10/09/2020,
परीक्षा की संभावित तिथि	- 24 से 30 सितंबर 2020 के बीच,
परीक्षाफल प्रकाशन की संभावित तिथि	- 5 से 10 अक्टूबर 2020 के बीच,
काउंसलिंग की संभावित तिथि	- 12 से 16 अक्टूबर 2020,
द्वितीय काउंसलिंग (यदि आवश्यक हुआ तो)	- 19 से 21 अक्टूबर, 2020,
वर्ग प्रारंभ की तिथि	- 29 अक्टूबर, 2020 से।

आवेदन ऑनलाइन www.bihar-integrated-lnmu.in अथवा www.lnmu.ac.in वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकता है। इस समय बिहार में 4 महाविद्यालयों को 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बी०एड० पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति प्राप्त है। चारों ही महाविद्यालय बाबा साहब अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से सम्बद्ध हैं, जो इस प्रकार हैं: (1) वसुंधरा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सिलौत, मुजफ्फरपुर (2) माता सीता सुंदर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सीतामढ़ी (3) शहीद प्रमोद बी० एड० कॉलेज, सुस्ता माधोपुर, मुजफ्फरपुर एवं (4) बैद्यनाथ शुक्ल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, वैशाली।

अशोक 20.8.2020

राज्य नोडल पदाधिकारी

CET-Int.-B.Ed.: 2020

Pranav
20/08/2020